an>

title: Need to connect Bahraich Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh with meter gauge railway line

साध्वी सावित्री बाई फूले **(बहराइच) :** महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूँ।

माननीय अध्यक्ष **:** शून्य काल में दो-तीन मिनट से ज्यादा नहीं बोलना है।

साध्वी सावित्री बाई फूले**:** महोदया, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ। मेरा संसदीय क्षेत्र बहराइच उत्तर प्रदेश में नेपाल का सीमावर्ती जिला है। यहाँ से बड़ी संख्या में लोग रोजगार, व्यापार और शिक्षा के लिए देश के कोने-कोने में जाते हैं। आजादी के 68 साल बाद भी यह क्षेत्र बड़ी रेल लाइन द्वारा देश एवं प्रदेश की राजधानी से नहीं जुड़ सका है। इस क्षेत्र की जनता यात्रा के लिए पूरी तरह से सड़क मार्ग पर निर्भर है। 7 जून 2002 को माननीय अटल जी की सरकार में तत्कालीन रेल मंत्री जी ने पूर्व-उत्तर रेलवे के गोंडा जंक्शन, बहराइच और नेपाल से जोड़ने वाली छोटी लाइन को बड़ी लाइन करने के लिए शिलान्यास किया था।

13.00 hrs

यूपीए की सरकार केन्द्र में दस साल तक रही, और इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। मैं पुनः आपसे अनुरोध करती हूँ कि पिछले रेल बजट में माननीय पूर्व रेल मंत्री सदानंद गौडा जी द्वारा बजट भाषण में गोंडा से बहराइच-रुपैडिहा तक आमान परिवर्तन तथा बड़ी लाईन के लिए घोषणा की गई थी। पुनः आपसे अनुरोध है कि इस कार्य को शीघ्र शुरू कराया जाए। इसकी नितांत आवश्यकता है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपकी बात हो गई। आप बैठिए नहीं तो माइक बंद हो जाएगा।

â€¦(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आप लोग समझा करें, मैं दो मिनट बाद माइक बंद कर दूँगी। मुझे सबको बोलने का मौका देना है।